19.02.2026 आकाशवाणी मध्यप्रदेश 7.10PM

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार:

- प्रधानमंत्री मोदी ने नई दिल्ली में एआई के लिए 'मानव विजन' का मंत्र देते हुए इसे समावेशी बनाने पर दिया जोर।
- विधानसभा में वित्तमंत्री ने कहा प्रदेश में नहीं खुलेगी शराब की कोई भी नई दुकान।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल एआई समिट में वैश्विक कंपनियों के साथ निवेश पर करेंगे चर्चा।
- प्रदेश के 20 से अधिक जिलों में बारिश और ओलावृष्टि से बढ़ी ठंड।

पीएम-एआई इम्पैक्ट समिट

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस-एआई के लोकतंत्रीकरण पर बल देते हुए कहा कि इसे विशेष रूप से ग्लोबल साउथ के लिए समावेशन और सशक्तिकरण का साधन बनना चाहिए। आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 का उद्घाटन करते हुए श्री मोदी ने यह बात कही। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि भारत न केवल नई तकनीकों का विकास कर रहा है बल्कि उन्हें तेजी से अपना भी रहा है। श्री मोदी ने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा तकनीकी केन्द्र है। उन्होंने कहा कि यह भारत और ग्लोबल साउथ के लिए गर्व का विषय है कि नई दिल्ली में एआई इम्पैक्ट समिट का आयोजन किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस से मानव इतिहास में क्रांतिकारी अध्याय जुड़ रहा है। श्री मोदी ने एआई के लिए मानव विजन की रूपरेखा प्रस्तुत की, जिसका अर्थ है नैतिक और सैद्धांतिक प्रणाली, जवाबदेह शासन, राष्ट्रीय संप्रभुता, सुलभ और समावेशी, वैध और न्यायसंगत।

अश्विनी वैष्णव

शिखर सम्मेलन में विश्व नेताओं का स्वागत करते हुए इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सरकार एआई स्टैक के सभी 5 स्तरों पर काम कर रही है। उन्होंने बताया कि सरकार ने एक कॉमन कंप्यूट प्लेटफॉर्म बनाया है जो स्टार्टअप्स, शोधकर्ताओं, शैक्षणिक संस्थानों और छात्रों को किफायती दर पर 38 हजार जीपीयू उपलब्ध कराता है। श्री वैष्णव ने

कहा कि ए.आई. से जुड़े जोखिमों को कम करने के समाधान ढूंढने होंगे।श्री वैष्णव ने समिट में नई दिल्ली फ्रंटियर एआई इम्पैक्ट कमिटमेंट्स की घोषणा की।

विधानसभा

विधानसभा में आज का दिन भारी हंगामे के नाम रहा। इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पेयजल से हुई मौतों के मामले पर विपक्ष ने सदन में जमकर नारेबाजी की और संबंधित मंत्रियों के इस्तीफे की मांग को लेकर गर्भगृह में धरने पर बैठ गए। हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही कई बार स्थगित हुई। आखिरकार, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर द्वारा कल इस विषय पर विशेष चर्चा कराने के आश्वासन के बाद ही गतिरोध दूर हो सका। प्रश्नकाल के दौरान चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने स्वीकार किया कि इस घटना में 20 लोगों की मृत्यु हुई है और उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश द्वारा मामले की जांच के आदेश दिए गए हैं। सदन की अन्य कार्यवाहियों में, नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने जबलपुर में एक माह के भीतर नई जल योजना शुरू करने का भरोसा दिलाया। वहीं, वित्तमंत्री ने प्रदेश की नई आबकारी नीति प्रस्तुत करते हुए स्पष्ट किया कि राज्य में शराब की कोई भी नई दुकान नहीं खोली जाएगी। फिलहाल सदन में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा जारी है।

उज्जैन-दर्शन व्यवस्था

उज्जैन के श्री महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन व्यवस्था को और अधिक सुगम बनाने के लिए मंदिर प्रबंध समिति ने 'संध्या' और 'शयन' आरती की बुकिंग को अब पूरी तरह ऑनलाइन कर दिया है। श्रद्धालु अब मंदिर की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर घर बैठे अपना स्थान सुरक्षित कर सकेंगे। इसके लिए प्रति श्रद्धालु 250 रुपये का शुल्क निर्धारित किया गया है। मंदिर समिति ने स्पष्ट किया है कि आरती के दौरान सामान्य 'चलित दर्शन' की व्यवस्था पहले की तरह सुचारू रूप से जारी रहेगी।

मुख्यमंत्री- एआई इम्पैक्ट समिट

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट-2026' में शामिल होंगे। इस समिट में मुख्यमंत्री वैश्विक तकनीकी कंपनियों के साथ वन-टू-वन चर्चा करेंगे, जिसमें क्लाउड कंप्यूटिंग, साइबर सुरक्षा और सेमीकंडक्टर जैसे भविष्य के विषयों पर निवेश की संभावनाओं को तलाशा जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव समिट में प्रदेश के

उभरते स्टार्टअप्स और नवाचारियों से भी मुलाकात करेंगे। यहाँ राज्य सरकार द्वारा जनसेवाओं को बेहतर बनाने के लिए लागू किए गए एआई समाधानों को प्रदर्शित किया जा रहा है ।

<u>शिवराज -पौधारोपण</u>

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों से पौधारोपण करने का आग्रह किया है। उन्होंने यह बात आज नई दिल्ली में एक विशेष कार्यक्रम में की। यह कार्यक्रम उनके पौधारोपण संकल्प के पांच वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। श्री चौहान ने कहा कि पौधारोपण पर्यावरण संरक्षण का सबसे शक्तिशाली साधन है। उन्होंने कहा कि पौधारोपण अभियान से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने और इसे जन आंदोलन में बदलने के लिए एक समर्पित मंच बनाया जाना चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने घोषणा की है कि अब से वे स्वागत में माला या स्मृति चिह्न स्वीकार नहीं करेंगे, बल्कि पौधा लगाकर फोटो लाने वाले को ही अपना असली स्वागत मानेंगे।

कृषि मंत्री ने इस पहल को समर्थन देने के लिए पौधा भण्डार बनाने का भी प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि इन भण्डारों के माध्यम से पौधे उपलब्ध कराए जाएंगे, साथ ही रोपण और देखभाल की उचित व्यवस्था भी की जाएगी। वर्ष 2021 में नर्मदा जयंती के अवसर पर, कृषि मंत्री ने अमरकंटक में पौधे लगाकर प्रतिदिन कम से कम एक पौधा लगाने का संकल्प लिया था।

<u>मौसम</u>

प्रदेश में मौसम के बदले मिजाज ने एक बार फिर ठिठुरन बढ़ा दी है। प्रदेश में सक्रिय हुए नए वेदर सिस्टम के कारण पिछले 12 घंटों के दौरान भोपाल, इंदौर, ग्वालियर और उज्जैन समेत 20 से अधिक जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश और ओलावृष्टि दर्ज की गई है। आज सुबह राजधानी भोपाल और आसपास के इलाकों में हुई तेज बारिश से तापमान में भारी गिरावट आई है, जहाँ खजुराहो 9.2 डिग्री के साथ प्रदेश का सबसे ठंडा इलाका रहा। इस बेमौसम बारिश और तेज आंधी ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है क्योंकि कई जिलों में खेतों में खड़ी फसलें आड़ी हो गई हैं, जिससे उत्पादन प्रभावित होने की आशंका है।मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों में ग्वालियर, चंबल और सागर संभाग के जिलों में और अधिक बारिश की चेतावनी जारी की है।

<u>बेमौसम बारिश-ओलावृष्टि</u>

किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह् कंषाना ने प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में हुई बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को राहत का भरोसा दिलाया है। मंत्री श्री कंषाना ने स्पष्ट किया है कि राज्य सरकार हर कठिन परिस्थिति में किसानों के साथ मजबूती से खड़ी है।कृषि मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से फसलों के नुकसान का सर्वे करने के निर्देश जारी कर दिए हैं, ताकि प्रभावित किसानों को समय पर राहत राशि का भुगतान किया जा सके।

<u>समाचार संक्षेप में ....</u>

- नर्मदापुरम में संभागीय समीक्षा बैठक में कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने हथकरघा विभाग को निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत शासन द्वारा निर्धारित सभी लक्ष्यों की अनिवार्य रूप से पूर्ति सुनिश्चित की जाए।
- जनगणना-2027 के सफल संचालन को लेकर खण्डवा जिले में अधिकारियों के लिए दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण आयोजित किया गया।
- शहडोल जिले में रबी फसल गेहूं के समर्थन मूल्य पर बिक्री के लिए किसानों के पंजीयन का काम चल रही है। पंजीयन की अंतिम तिथि 7 मार्च है ।
- शिवपुरी जिले में 14 मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान लोक अदालत में विद्युत संबंधी न्यायालयों में लंबित एवं प्रीलिटिगेशन प्रकरणों के निराकरण हेतु नियमानुसार छूट दी जाएगी।
- नीमच में आगामी त्यौहारों के मद्देनजर कानून व्यवस्था की स्थिति को और मजबूत एवं सुदृढ बनाने के लिए कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।
- अहमदाबाद में 14 से 18 फरवरी तक आयोजित वर्ल्ड स्किल प्रतियोगिता के वेस्टर्न रीजनल मुकाबले में बैतूल जिले के दो युवाओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले सहित प्रदेश का नाम रोशन किया है।
- जबलपुर स्थित शहपुरा रोड पर मोटर साइकल सवार युवकों को ट्रक ने टक्कर मारकर कुचल दिया। हादसे में दो युवकों की मौds पर ही मौत हो गई।
- झाबुआ जिले में संकल्प से समाधान अभियान के दूसरे चरण के तहत 20 फरवरी को अलग-अलग स्थानों पर क्लस्टर स्तर के शिविर लगाए जाएंगे।

----------------------